बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग

अधिसूचना

अ०स०:–2/अ0प्र0–01–59/2023 781 /पटना, दिनांक :–20/4/23

मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत् छूटे ग्रामों/टोलों/बसावटों जिसे अभी तक बारहमासी एकल सम्पर्कता प्राप्त नहीं है, की सूची तथा इसके लिए प्रस्तावित पथ की अनुशंसा उपलब्ध कराने हेतु माननीय मुख्यमंत्री महोदय सहित सभी माननीय मंत्री महोदय को माननीय उप मुख्य (ग्रामीण कार्य) मंत्री महोदय के स्तर से भेजे गये अर्द्धसरकारी पत्र में श्री योगेन्द्र कुमार भाटिया, कार्यपालक अभियंता, (कार्यकारी प्रभार) क्षेत्रीय प्रयोगशाला गुलजारबाग (प्रतिनियुक्त MMGSY कोषांग) द्वारा पदीय गरिमा का ध्यान नही रखते हुये सामान्य शिष्टाचार प्रदर्शित नहीं की गयी है। उनका यह कृत्य शिष्टाचार विहीनता, कर्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही का द्योतक है।

2. अतः उक्त बरती गयी शिष्टाचार विहीनता, कर्तव्यहीनता, अनुशासनहीनता एवं कर्तव्य के प्रति लापरवाही के लिए श्री योगेन्द्र कुमार भाटिया, कार्यपालक अभियंता, (कार्यकारी प्रभार) क्षेत्रीय प्रयोगशाला गुलजारबाग (प्रतिनियुक्त MMGSY कोषांग) को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली 2005 के नियम–9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिये निलंबित किया जाता है।

3. निलंबन अवधि में श्री भाटिया का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल बेतिया निर्धारित किया जाता है।

4. निलंबन अवधि में श्री भाटिया को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम 10 की सुसंगत कंडिकाओं के अनुरूप अनुमान्य जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

5. श्री भाटिया के विरूद्ध आरोप पत्र गठित कर अग्रेतर कार्रवाई का आदेश अलग से निर्गत किया जायेगा।

6. प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

Sd/- 20/4/2023

(संजय दूबे)

विशेष सचिव

ज्ञापांक :–2/अ0प्र0–01–59/2023 782 /पटना, दिनांक :– 20/4/23

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (ले0 एवं ह0) वीरचन्द पटेल पथ, पटना /प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वैयक्तिक दावा निर्धारण कोषांग) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, गुलजारबाग, पटना/कोषागार पदाधिकारी, बेतिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 20/4/2023

विशेष सचिव

ज्ञापांक :–2/अ0प्र0–01–59/2023 782 /पटना, दिनांक :– 20/4/23

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, निगरानी विभाग/जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/योजना एवं विकास विभाग/ग्रामीण विकास विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/जल संसाधन विभाग/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, /प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–5/6, ग्रामीण कार्य विभाग/ आई०टी० मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना एवं श्री योगेन्द्र कुमार भाटिया, कार्यपालक अभियंता, (कार्यकारी प्रभार) क्षेत्रीय प्रयोगशाला गुलजारबाग (प्रतिनियुक्त MMGSY कोषांग) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 20/4/2023

विशेष सचिव

ज्ञापांक :–2/अ0प्र0–01–59/2023 782 /पटना, दिनांक :– 20/4/23

प्रतिलिपिः– माननीय उप मुख्य (ग्रामीण कार्य) मंत्री के आप्त सचिव को माननीय उप मुख्य (ग्रामीण कार्य) मंत्री के अवलोकनार्थ प्रेषित।

ह0/- 20/4/2023

विशेष सचिव